CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 238 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 20 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## मोदी सभा से पहले भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

### मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर साधा निशाना, निवेश और विकास कार्यों का किया बखान

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित सभा से पहले प्रदेश की सियासत तेज हो गई है। सभा की तैयारियों का जायजा लेने अजमेर पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने विकास के बजाय सत्ता बचाने में समय गंवाया, जबकि वर्तमान सरकार ने निवेश और आधारभूत ढांचे पर ठोस काम किया है।

राठौड़ ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच खींचतान चलती रही और विधायकों को होटल में ठहराकर बहुमत बचाने की कवायद होती रही। ऐसे में प्रदेश का विकास कैसे होता?

प्रदेशाध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा सरकार ने 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए, जिनमें से बड़ी राशि की परियोजनाएं धरातल पर आ चुकी हैं। उन्होंने इसे सरकार की निवेश समर्थक नीति का परिणाम बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए राठौड़ ने कहा कि जब भी मोदी राजस्थान आते हैं, प्रदेश को नई सौगात मिलती है। बीकानेर, बालोतरा और बांसवाड़ा में पूर्व में घोषित परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार भी विकास को गति मिलेगी।

आगामी चुनावों को लेकर राठौड़ ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी। उन्होंने वार्डों और जिलों के पुनर्गठन को जनसंख्या के संतुलित आधार पर किया जा रहा कदम बताया, ताकि सभी को समान प्रतिनिधित्व मिल सके।

उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा होते ही भाजपा पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी।

## कोटा में चाकुओं से युवक की हत्या

### दिन की कहासुनी बनी खूनखराबे की वजह, 4 संदिग्ध डिटेन





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर के महावीर नगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बड़े भाई के झगड़े में बीच-बचाव करना छोटे भाई को भारी पड़ गया और बदमाशों ने उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 3-4 संदिग्ध युवकों को डिटेन कर पूछताछ शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान विक्रम सिंह (27) निवासी बॉम्बे योजना के रूप में हुई है, जो एल्यूमिनियम गेट बनाने का निजी काम करता था। घटना रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार विक्रम के बड़े भाई लक्की ट्रक यूनियन के पास स्थित जेप्टो कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता हैं। कंपनी में कार्यरत कुछ युवकों से उसका मामूली विवाद चल रहा था। बुधवार शाम 4 से 5 बजे के बीच विक्रम कंपनी के स्टोर पहुंचा, जहां कुछ युवकों से उसकी बहस हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और कंपनी प्रबंधन की मौजूदगी में दोनों पक्षों को समझाइश कर मामला शांत करा दिया गया। लेकिन रात होते-होते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि आशु, गोलू खत्री, कुशाल, विशाल, राजकुमार, बजरंग सहित अन्य युवक घात लगाकर बैठे थे। उन्होंने विक्रम को घर के पास दुकान से खींचकर उस पर चाकुओं से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए।

गंभीर रूप से घायल विक्रम को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की मोर्च्युरी में रखवाकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सुपुर्द किया। बताया जा रहा है कि विक्रम की पीठ पर तीन गहरे घाव थे।

थाना सीआई भूपेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में शामिल 3-4 युवकों को डिटेन किया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## तेज रफ्तार के चलते दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन घायल





**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया ।**

**( विकास जैन )** तिलस्वा नाथ गोशाला एवं इन्द्रपुरा स्कूल के सामने बुधवार देर रात को दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। हादसे में विकास (26) पुत्र लड्डू यादव, निवासी बामनिया का तालाब, बादल (25) पुत्र पप्पू यादव तथा रामलाल (40) पुत्र मांगीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तत्काल कस्बा स्थित उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद विकास और बादल की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। वहीं रामलाल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा के सातों विधानसभाओं के संयोजकों एवं सह संयोजकों की घोषणा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने जिला प्रभारी संजय जैन ताऊ की सहमति से जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों के लिए संयोजकों एवं सह-संयोजकों की घोषणा की है।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने भीलवाड़ा विधानसभा में विजय पोखरना को संयोजक एवं रमेश राठी को सह संयोजक नियुक्त किया है। इसी प्रकार ?आसीन्द विधानसभा में भगवती प्रसाद जोशी को संयोजक एवं देवीलाल साहू को सह संयोजक, माण्डल विधानसभा में बालूलाल आचार्य (हलेड़) को संयोजक एवं सत्यनारायण लड्ढा को सह संयोजक, सहाड़ा विधानसभा के लिए रामेश्वर छीपा को संयोजक एवं शंकर जाट (सांगवा) को सह संयोजक, शाहपुरा विधानसभा में शिवराज कुमावत को संयोजक एवं बजरंग सिंह राणावत को सह संयोजक, जहाजपुर विधानसभा में भैरूलाल टाक को संयोजक एवं कैलाश तिवाड़ी को सह संयोजक एवं इसी प्रकार माण्डलगढ़ विधानसभा के लिए अनिल पारीक को संयोजक एवं संदीप सोनी को सह संयोजक नियुक्त किया है।

जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि इन नियुक्तियों से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी की गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा और कार्यकर्ताओं के समन्वय से संगठन और अधिक प्रभावी बनेगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला संगठन के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की है।

## राज्यपाल आज भीलवाड़ा दौरे पर, विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे सहभागिता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



**मूलचंद पेसवानी ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार वे सुबह 8:20 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा भीलवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 10:15 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड, भीलवाड़ा पहुंचेंगे।

राज्यपाल बागड़े सड़क मार्ग से संगम विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान कर 10:35 बजे वहां पहुंचेंगे। तत्पश्चात 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक वे संगम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे। दोपहर 1:30 बजे राज्यपाल हरि सेवा धर्मशाला के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 1:45 बजे वहां पहुंचेंगे। वे दोपहर 1:45 बजे से 2:10 बजे तक आयोजित 'सनातन मंगल महोत्सव' कार्यक्रम में भाग लेंगे।

कार्यक्रम उपरांत दोपहर 2:15 बजे वे पुलिस लाइन हेलीपैड के लिए आगामी कार्यक्रमों हेतु प्रस्थान करेंगे । राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## जागधरी युवक की संदिग्ध मौत, दूसरे दिन अस्पताल में हंगामा

### मौत के दूसरे दिन बढ़ा आक्रोश, मेडिकल बोर्ड से जांच की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





कारोई थाना क्षेत्र के सेतुरिया ग्राम पंचायत स्थित जागधरी गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने मौत के दूसरे दिन महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्च्युरी के बाहर प्रदर्शन किया। परिजनों ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

जानकारी के अनुसार, जागधरी निवासी संजय बारेठ (31) पुत्र भंवर बारेठ महाराष्ट्र के जलगांव में मजदूरी करता था। मंगलवार को वह बस से गांव लौट रहा था। रास्ते में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने से मौत होना बताया गया। शव गांव पहुंचने पर अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी, लेकिन परिजनों ने शरीर पर चोट के निशान देखने का दावा करते हुए मारपीट से मौत की आशंका जताई और अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया।

मौत के दूसरे दिन ग्रामीण शव लेकर अस्पताल पहुंचे और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाए और यदि मारपीट या हत्या की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। समझाइश के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए सहमत हुए और प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

## ओलावृष्टि से खराब फसलों पर 72 घंटे में करें शिकायत, मिलेगा प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित बीमित फसलें, जिन्हें कटाई के बाद खेत में सूखाने के लिए रखा गया था और नुकसान हुआ है, उनके लिए किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 72 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की परिचालन मार्गदर्शिका- 2023 के अनुसार कटाई उपरांत अधिकतम 14 दिनों तक खेत में सूखने के लिए रखी गई फसल को चक्रवात, चक्रवाती वर्षा, असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि से हुए व्यक्तिगत नुकसान पर बीमा क्लेम का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि प्रभावित कृषक आपदा के 72 घंटे के भीतर भारत सरकार के कृषि रक्षक पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर , क्रॉप इंश्योरेंस ऐप या लिखित सूचना बैंक अथवा कृषि विभाग के माध्यम से दे सकते हैं।

आपदा की सूचना मिलने के 48 घंटे के भीतर बीमा कंपनी द्वारा सर्वे प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी तथा 10 दिनों में सर्वेयर द्वारा स्थानीय कृषि अधिकारियों व संबंधित कृषक की उपस्थिति में संयुक्त रूप से क्षति का आकलन किया जाएगा।

CMYK

# तलवार की नोंक पर बाइक लूटने वाला एक साल बाद गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रायपुर थाना पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे बाइक लूट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर तलवार दिखाकर बाइक लूटी थी।

जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष रामा गांव में आरोपी परमा उर्फ परमेश्वर कंजर निवासी चिताबड़ा, बिजौलिया और उसके साथियों ने मिठालाल सुथार को तलवार दिखाकर धमकाया और उसकी बाइक छीन ली थी। इस मामले में अन्य आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार किए जा चुके थे, जबकि परमा फरार चल रहा था। थाना प्रभारी शंभुदयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को बिजौलिया क्षेत्र से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मामले में एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# विधानसभा में फिर गरमाया शाहपुरा को जिला बनाने का मुद्दा

## विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने सरकार से ठोस निर्णय की मांग की

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

( **मूलचन्द पेसवानी** ) राजस्थान विधानसभा के सदन में गुरुवार को शाहपुरा को पुनः जिला बनाने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक घोषणाओं के दम पर झूठी वाहवाही लूटी गई, लेकिन जनता ने सच्चाई पहचान ली, इसलिए आज वह सरकार विपक्ष में है।




उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार ने जिलों की घोषणाओं को राजनीति का हथियार बनाकर लोगों को आपस में बांटने का काम किया। शाहपुरा का मुद्दा उठाते हुए बैरवा ने सरकार से मांग की कि शाहपुरा को पुनः जिला बनाने पर गंभीरता से विचार किया जाए और इसे योजनाबद्ध विकास के साथ लागू किया जाए, ताकि आमजन को प्रशासनिक सुविधाएं, रोजगार और बुनियादी ढांचे का लाभ मिल सके।

बैरवा ने कहा कि शाहपुरा ऐतिहासिक, भौगोलिक और प्रशासनिक दृष्टि से जिला बनने की सभी कसौटियों पर खरा उतरता है और लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहा है। उनके बयान से सदन में सियासी हलचल देखी गई।

विधानसभा में उठी इस मांग से शाहपुरा क्षेत्र में नई उम्मीद जगी है। अब सरकार के अगले कदम पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

# बुजुर्ग को लिफ्ट देकर सोने की मुरकियां लूटने वाला गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने बुजुर्ग से सोने की मुरकियां लूटने के मामले में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब लूटे गए गहनों की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

थाना पुलिस के अनुसार, मोडीमंगरा निवासी बुजुर्ग चतुर्भुज गुर्जर 6 फरवरी की शाम अपने गांव पैदल जा रहा था । इसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे गांव छोड़ने के बहाने लिफ्ट दी। सुनसान स्थान पर पहुंचते ही बदमाश ने उनके कानों से सोने की मुरकियां झपट लीं और उन्हें धक्का देकर फरार हो गया।

घटना के बाद मामला दर्ज कर थाना प्रभारी ओमप्रकाश कासनिया के निर्देशन में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर राजसमंद जिले के सुरेश उर्फ प्रकाश गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है और लूट गए गहनों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

# विधानसभा में गूंजा भीलवाड़ा के उद्योग और खेल विकास का मुद्दा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान विधानसभा में उद्योग और युवा मामले व खेल पर चर्चा के दौरान भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने जिले और प्रदेश के औद्योगिक व खेल विकास से जुड़े अहम मुद्दे उठाए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' से प्रदेश को बड़े निवेश प्रस्ताव मिले हैं। रिप्स-2024, एमएसएमई, ओडीओपी, स्टार्टअप, टेक्सटाइल नीति और सिंगल विंडो सिस्टम जैसे सुधारों को उद्योगों के लिए लाभकारी बताया।



भीलवाड़ा को टेक्सटाइल सिटी बताते हुए उन्होंने बिजली दरों में कमी, सोलर सीमा बढ़ाने, टेक्सटाइल पार्क को पीएम-मित्र योजना में शामिल करने, सिरेमिक जोन स्थापना, औद्योगिक पुलिस स्टेशन, सब्सिडी का समयबद्ध भुगतान और टेक्सटाइल-माइनिंग के पृथक हब की मांग रखी।

खेलों पर बोलते हुए उन्होंने मिशन ओलंपिक की सराहना की तथा कोचों की कमी दूर करने, जिला स्तरीय स्टेडियम, 'साइ' जैसी संस्था और सीएसआर के जरिए खेलों में निवेश बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि उद्योगों की वृद्धि से रोजगार बढ़ेगा और प्रदेश निरंतर विकास करेगा।

# बांध की ऊंचाई नहीं, गहराई बढ़े: 68 गांवों के विस्थापन का मुद्दा विधानसभा में

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

**गजानंद जोशी ।** बिसलपुर बांध की ऊंचाई बढ़ाने के संभावित प्रस्ताव पर विधायक गोपीचन्द मीणा ने विधानसभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से 68 गांवों के संभावित विस्थापन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ऊंचाई बढ़ाने से केकड़ी, देवली-उनियारा और जहाजपुर क्षेत्र के 50-60 गांव डूब क्षेत्र में आ सकते हैं, जिससे हजारों परिवार प्रभावित होंगे।



विधायक ने सुझाव दिया कि बांध की ऊंचाई बढ़ाने के बजाय वर्षों से जमी गाद हटाकर गहराई बढ़ाई जाए, ताकि जल भंडारण क्षमता बढ़े और गांवों को बचाया जा सके। उन्होंने ब्राह्मणी नदी को बिसलपुर बांध से जोड़ने के प्रस्ताव का भी समर्थन किया।

# बाल श्रम व बंधक श्रमिकों के खिलाफ सख्ती, टास्क फोर्स की बैठक में दिए अहम निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रणजीत सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स, बाल श्रम टास्क फोर्स एवं बंधक श्रमिक सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में बाल श्रम और बंधक श्रमिकों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

बैठक में एडीएम (प्रशासन) रणजीत सिंह द्वारा जुलाई 2009 के बाद निर्मित अधिक से अधिक संस्थानों का सर्वे कर उपकर निरीक्षण आदेश जारी कर शत प्रतिशत लक्ष्योपर्यन किये जाने के निर्देश दिए गए। उपखण्ड स्तर पर उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर शीघ्रातिशीघ्र उपखण्ड स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति का गठन करवाये जाने हेतु निर्देश दिए गए।



बाल श्रम के विरुद्ध जिले में 31 मार्च तक संचालित पैन इंडिया कैम्पेन के तहत संवेदनशील संस्थानों को सर्वे कर अधिक से अधिक बाल श्रम मुक्त किये जाने एवं जिले में संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के शिविरों में भी अधिक से अधिक असंगठित श्रमिको के पंजीयन करवाये जाने के निर्देश दिए गए।

उक्त बैठक में शिवदयन सोलंकी, उपश्रम आयुक्त, श्रम निरीक्षकगण, सभी विभागों के सदस्य प्रतिनिधि, बाल श्रम टास्क फोर्स व बंधक श्रमिक सतर्कता समिति के सदस्य प्रभाष चौधरी, BMS, नन्दलाल सेनी, प्रेम विश्नोई, हीरालाल बोहरा, पूरणमल खटोका उपस्थित रहे।

# जहाजपुर विधानसभा संयोजक बने टांक, सह संयोजक तिवाड़ी

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने जिला प्रभारी व जिला पदाधिकारियों की सहमति से जहाजपुर विधानसभा संयोजक पद पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व नगर अध्यक्ष भेरूलाल टांक को मनोनीत किया है। वहीं कोटड़ी क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता कैलाश तिवाड़ी को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधायक गोपीचंद मीणा ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी तथा जनसेवा के कार्यों में निरंतर प्रगति होगी। उन्होंने सफल, प्रेरणादायी और जनहितकारी कार्यकाल की कामना की।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

## पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शुरू की गहन जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।**


थाना क्षेत्र के मंशा गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने इसे सामान्य मौत मानने से इनकार करते हुए मारपीट से मौत की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मंशा निवासी भैरूलाल पुत्र भुवाना भील की बुधवार रात घर पर अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे पहले कोटड़ी अस्पताल और बाद में जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह मोर्चरी पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा करते हुए इसे संदिग्ध मौत बताया। मृतक के चचेरे भाई प्रभु पुत्र नारायण भील ने पुलिस को दी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि कुछ दिन पूर्व भैरूलाल के साथ उसकी साली के घर पर मारपीट की गई थी। रिपोर्ट में मृतक की पत्नी, सास, साली और एक अन्य व्यक्ति पर मारपीट करने के आरोप लगाए गए हैं। परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# विशिष्ट न्यायालय का फैसलाः नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी सन्नी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

विशिष्ट न्यायालय (पोक्सो-01) ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी सन्नी को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। फैसला न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने सुनाया। प्रकरण में 25 नवंबर 2024 को प्रतापनगर थाने में नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जांच में सामने आया कि सन्नी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़िता ने बयान में आरोपी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया, जिसके बाद पुलिस ने मेडिकल कराकर उसे परिजनों को सौंपते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में चार्जशीट पेश की।



विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने 18 गवाह व 33 दस्तावेज पेश कर आरोप सिद्ध किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी सन्नी (20) पुत्र पप्पू निवासी अंबेडकर बस्ती को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रायपुर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, ताकि चोरी किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली की बरामदगी की जा सके। पुलिस ने बताया की रायपुर निवासी रतन कुमावत के बाड़े से बीते वर्ष 31 दिसंबर की रात अज्ञात चोर ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर ले गए थे। घटना के संबंध में मामला दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी शिंभुदयाल के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस ने हरीशंकर उर्फ हेमराज (28) पुत्र देवीलाल गाडरी एवं रामेश्वर लाल उर्फ रमेश (32) पुत्र भैंरूलाल कुमावत निवासी ग्राम बैठुम्बी, थाना रेलमगरा (राजसमंद) तथा नाथूसिंह (38) पुत्र जगदीशसिंह रावणा राजपूत निवासी ग्राम मंडोल को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# आसींद में पुलिस नफरी बढ़ाने की मांग, विधायक जब्बर सिंह सांखला ने सदन में उठाया मुद्दा

**भीलवाड़ा फोकस @आसींद।**

राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक जब्बर सिंह सांखला ने आसींद विधानसभा क्षेत्र के पुलिस थानों व चौकियों में पुलिसकर्मियों की नफरी बढ़ाने की मांग उठाई। भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर ने बताया कि विधायक ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के लिए रिक्त पद जल्द भरने की बात कही।

विधायक सांखला ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद अपराधों में कमी आई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ट्रांसफार्मर (डीपी) चोरी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस बल की संख्या बढ़ाना आवश्यक है।



इस पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आश्वस्त करते हुए बताया कि पुलिस बेड़े को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश में 10,000 कांस्टेबलों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें से 8,557 पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। दस्तावेज सत्यापन अंतिम चरण में है और शीघ्र ही शेष रिक्तियां भी भर दी जाएंगी। आसींद क्षेत्र में भी जल्द पुलिस नफरी की कमी दूर की जाएगी।



QUICK BITES

# अंधड़-ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, किसान चिंतित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



उदलियास क्षेत्र में बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज अंधड़, मेघ गर्जना और झमाझम बारिश के साथ छोटे बेर के आकार के ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। विशेष रूप से गेहूं और सरसों की फसल प्रभावित होने से किसान मायूस नजर आए।

ग्रामीणों ने बताया कि मौसम से जहां आमजन को गर्मी से राहत मिली, वहीं खेतों में सरसों की कटाई कर रहे किसानों की चिंता बढ़ गई। कटाई के दौरान हुई बारिश से फसल भीगने और खराब होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

किसानों ने प्रशासन से प्रभावित फसलों का सर्वे कर उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की है, ताकि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

## एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी , प्रसव पीड़ा बढ़ने पर 108 कर्मी ने रास्ते में करवाई सुरक्षित डिलेवरी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**रमेश गुर्जर ।** उप जिला अस्पताल से भीलवाड़ा रेफर की गई गर्भवती महिला की रास्ते में ही 108 एम्बुलेंस में सफल डिलेवरी करवाई गई। समय रहते ईएमटी की तत्परता से मां और नवजात दोनों सुरक्षित हैं। बाद में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार, बिजोलिया उप जिला अस्पताल से सुमित्रा देवी पत्नी संजय कुमार को प्रसव के लिए भीलवाड़ा रेफर किया गया था। एम्बुलेंस जब रास्ते में थी, तभी महिला को अत्यधिक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वाहन को सुरक्षित स्थान पर रोका गया।

108 एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी विश्वजीत सिंह ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए रास्ते में ही सुरक्षित प्रसव करवाया। पायलट विजेश खटीक ने भी सहयोग किया। डिलेवरी के बाद जच्चा-बच्चा को तुरंत महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों को भर्ती कर लिया गया।

महिला और उसके परिजनों ने 108 एम्बुलेंस स्टाफ का हाथ जोड़कर आभार जताया और उनकी त्वरित सेवा की सराहना की।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# श्रीमद् भागवत कथा से जीवन होता है सफल : डॉ. पाराशर

## सनातन मंगल महोत्सव का शुभारंभ, पहले दिन व्यासपीठ पर भागवत स्थापना व गंगा आरती में उमड़े श्रद्धालु





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। ।

**मूलचंद पेसवानी ।** हरि सेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आयोजित आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के तहत गुरुवार से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास डॉ. श्यामसुंदर पाराशर ने व्यासपीठ से श्रीमद् भागवत महात्म्य का वाचन करते हुए कहा कि सद्गुरु के बिना भगवान की प्राप्ति संभव नहीं है और भगवंत कृपा से ही सद्गुरु मिलते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का त्रिवेणी संगम है तथा वेदों का सार है। पवित्र भाव से भागवत श्रवण करने वाला व्यक्ति जन्म-मरण के बंधन से मुक्त होकर इस लोक और परलोक दोनों को संवार सकता है। भागवत को आध्यात्मिक दीपक और



कल्पवृक्ष बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान से तुच्छ वस्तुओं की नहीं, बल्कि अविनाशी तत्व की कामना करनी चाहिए। कथा के दौरान विभिन्न भजनों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा। सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे। श्रीमद् भागवत कथा 25 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित होगी। शुक्रवार को भीष्म स्तुति एवं परीक्षित जन्म प्रसंग का वाचन किया जाएगा।

**संतों एवं श्रद्धालुओं ने की व्यासपीठ की आरती**

पहले दिन श्रीमद् भागवत ग्रंथ की स्थापना के बाद विधि-विधान से व्यासपीठ की आरती की गई। आरती में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज सहित पंचमुखी दरबार के महंत लक्ष्मणदास त्यागी, हनुमान टेकरी के महंत बनवारीशरण काठियाबाबा, हाथीभाटा आश्रम के महंत संतदास महाराज, निम्बार्क आश्रम के महंत मोहनशरण शास्त्री, पुजारी मुरारी पांडे, संत मायाराम, संत राजाराम, दीक्षार्थी इन्द्रदेव, कुनाल, सिद्धार्थ एवं सनातन सेवा समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया।

**शाम को काशी की तर्ज पर गंगा आरती**

महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन शाम 6 बजे काशी की तर्ज पर गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन काशी से आए ब्राह्मणों द्वारा विधिवत गंगा आरती की गई, जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी हंसरामजी उदासीन महाराज के सानिध्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के माध्यम से लोककल्याण एवं सर्वमंगल की कामना की गई।

# सनातन मंगल महोत्सव का हुआ भव्य आगाज, 1008 मातृशक्ति ने निकाली मंगल कलश शोभायात्रा





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। ।

धर्मनगरी भीलवाड़ा में गुरुवार को आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह का भव्य शुभारंभ विशाल मंगल कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। आयोजन हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज के मार्गदर्शन में हो रहा है। सुबह 9:15 बजे श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में 1008 मातृशक्ति सिर पर मंगल कलश धारण कर तीन-तीन की कतार में चल रही थीं। वंदेमातरम्, जय श्रीराम और राधे-राधे के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा गोल प्याऊ, सूचना केंद्र चौराहा, आजाद चौक और वीर सावरकर चौक होते हुए हरि शेवा आश्रम स्थित विशाल कथा पांडाल में पहुंची। मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे तथा शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। जुलूस में सबसे आगे अश्व सवार धर्मध्वज लिए चल रहा था, उसके पीछे दुपहिया वाहनों पर बेटियां भगवा ध्वज लिए शामिल थीं। दुर्गा शक्ति अखाड़ा की बेटियां 'सनातन मंगल महोत्सव' और 'जय श्रीराम' लिखी ध्वजाएं लहराती नजर आईं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवा वस्त्रधारी वेद विद्यालय के छात्र भी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। व्यासपीठ पर विराजित होने वाले श्रीमद्भागवत ग्रंथ को संतों ने अपने सिर पर धारण कर शोभायात्रा में स्थान दिया। शोभायात्रा में स्वामी हंसराम उदासीन महाराज के साथ सांसद दामोदर अग्रवाल, महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वरानंद महाराज तथा श्रीधाम वृंदावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुंदर पाराशर सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे। सनातन सेवा समिति एवं हंसगंगा हरि शेवा मंडल के सदस्य भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

मंगल कलश यात्रा के साथ ही महोत्सव के अंतर्गत विविध धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो गई। विश्व शांति और सर्वसंकट निवारण की भावना से सुबह 8 बजे से पंचकुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ, 108 भागवत मूल पाठ, शतचंडी पाठ, अखंड श्रीमद्भगवद्गीता पाठ, श्रीरामचरितमानस पाठ, श्रीचंद सिद्धांत सागर पाठ एवं अखंड श्रीरामनाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ। काशी के यज्ञाचार्य कामेश्वरनाथ तिवारी के सानिध्य में यज्ञ संपादन एवं चारों वेदों के मूल पाठ का पारायण किया जा रहा है।

महोत्सव के दौरान 25 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक डॉ. श्यामसुंदर पाराशर के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का वाचन होगा। प्रतिदिन शाम 6 बजे काशी की तर्ज पर गंगा आरती तथा शाम 7 बजे श्री निकुंज बिहारी रासलीला मंडल द्वारा रासलीला का आयोजन किया जाएगा। 25 फरवरी को संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि 26 फरवरी को सुबह 9 बजे हरिशेवाधाम परिसर में दीक्षा दान समारोह एवं संत समागम का मुख्य आयोजन होगा।

# भाजपा को मिला मजबूती, दो प्रमुख नेताओं ने थामा दामन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

विधायक गोपाल खंडेलवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी भगवत सिंह राणावत (लाला बन्ना) एवं कांग्रेस पार्टी से मांडलगढ़ पंचायत समिति सदस्य युवराज सिंह राणावत ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

दोनों नेताओं ने मदन राठौड़ के निवास स्थान पर भाजपा का दुपट्टा धारण कर औपचारिक रूप से पार्टी में प्रवेश किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूती मिलने का विश्वास जताया।

कार्यक्रम में भाजपा नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, कोटड़ी पंचायत समिति प्रधान करणसिंह



बेलवा, उप प्रधान कैलाश सुथार, पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह राणावत सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।


विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि क्षेत्र के सक्रिय एवं जनसेवा से जुड़े व्यक्तित्वों के पार्टी में आने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# भीमगंज से महाराणा मार्केट तक हटे अवैध कब्जे, फुटपाथ खाली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने गुरुवार को सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। भारी पुलिस जाब्ते और जेसीबी मशीनों के साथ निकली निगम की टीम ने शहर के व्यस्ततम इलाकों में सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही।

निगम की टीम ने अभियान की शुरुआत भीमगंज थाना क्षेत्र से की। इसके बाद महाराणा मार्केट रोड और माणिक्य नगर रोड तक सड़क व फुटपाथ पर किए गए अस्थायी और स्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। जेसीबी की मदद से कई स्थानों पर बनाए गए शेड, काउंटर और अवैध ढांचे हटाए गए, जबकि सड़क किनारे रखे सामान को भी जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात



रहा, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने। जैसे ही निगम का दस्ता क्षेत्र में पहुंचा, कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। फुटपाथ और सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। निगम अधिकारी जोरावर सिंह ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और आमजन के लिए सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# डीएमएफटी योजना से बिजौलियां ब्लॉक के स्कूलों को 3.50 करोड़ की सौगात

## 10 स्कूलों में टिन शेड सभागार, 13 स्कूलों में नए कक्षा कक्षों का होगा निर्माण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**कपिल श्याम विजय ।**



बिजौलियां ब्लॉक क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर बड़ी पहल की गई है। डीएमएफटी योजना के तहत 3.50 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। इस राशि से 10 हायर सेकण्डरी स्कूलों में प्रार्थना व सभा स्थल के लिए टिन शेड सभागारों का निर्माण कराया जाएगा, वहीं 13 विद्यालयों में नए कक्षा कक्षों का निर्माण व मरम्मत कार्य होंगे।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी माली राम यादव ने बताया कि पीएम श्री विद्यालय कार्यां, रसदपुरा, बिजौलियां, जलीन्द्री, मकरेड़ी, माल का खेड़ा, श्यामपुरा, उमाजी का खेड़ा, सुखपुरा व इन्द्रपुरा हायर सेकण्डरी स्कूलों में 17-17 लाख रुपये की लागत से टिन शेड लगाए जाएंगे। इन टिन शेडों का उपयोग प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य विद्यालयीन गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपतपुरा, प्राथमिक विद्यालय केसरगंज (बिजौलियां), नयाबांस (जलीन्द्री), काबरी, गुल जी का खेड़ा (मांगटला), जलेरी नंबर एक मोडारड़ा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिजौलियां में 10.13 लाख रुपये प्रति कक्षा कक्ष की लागत से एक-एक कक्षा कक्ष का निर्माण होगा। वहीं प्राथमिक विद्यालय मांड्यारड़ी (माल का खेड़ा), आंटी, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धनवाड़ा में दो-दो कक्षा कक्ष तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भूति में दो कक्षा कक्षों के साथ भवन मरम्मत कार्य के लिए 30.26 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बाद संबंधित विद्यालयों में निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# एनएच-148डी फोरलेन मुद्दाः पंडेर संघर्ष समिति ने विधायक से की मुलाकात

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**




**गजानंद जोशी।** पंडेर से गुजर रहे नेशनल हाईवे 148डी के चौड़ाईकरण को लेकर क्षेत्र में चल रहा विरोध अब तेज होता नजर आ रहा है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद पंडेर एनएच प्रभावित संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल जयपुर पहुंचा और जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के समक्ष पंडेर कस्बे से बाईपास निकालने सहित फोरलेन निर्माण से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखीं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान प्रस्तावित कार्य से क्षेत्र के अनेक परिवार प्रभावित होंगे, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई लोगों को अपने घर और व्यवसाय पर संकट मंडराने की आशंका है। इस दौरान भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल से भी दूरभाष पर वार्ता की गई। दोनों जनप्रतिनिधियों ने संघर्ष समिति को आश्वस्त किया कि फोरलेन निर्माण कार्य में पंडेर क्षेत्र के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा तथा स्थानीय लोगों की मांगों के अनुरूप समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

क्षेत्र में इन दिनों फोरलेन का मुद्दा प्रभावित परिवारों और ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो उन्हें लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ सकता है और कई परिवारों के सामने बेघर होने की स्थिति बन सकती है।

संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि जब तक क्षेत्रवासियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक वे अपने प्रयास जारी रखेंगे।

# सवाईपुर क्षेत्र में ओलावृष्टि से अफीम फसल तबाह, किसानों की आंखों से छलके आंसू





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित सोपुरा, सालरिया, बड़ला, बनकाखेड़ा, खजीना, आकोला सहित आसपास के गांवों में बुधवार शाम करीब 6 बजे तेज अंधड़, बारिश और ओलावृष्टि ने अफीम काश्तकारों को भारी नुकसान पहुंचाया। तेज हवा के कारण अफीम की फसल खेतों में आड़ी-तिरछी गिर गई, वहीं डोडों पर लगाए गए चीरे का लेटेक्स बारिश के पानी के साथ बह गया।

किसानों ने बताया कि बुधवार को ही डोडों पर चीरा लगाया गया था, लेकिन अचानक हुई बारिश से पूरी मेहनत पर पानी फिर गया। सवाईपुर के काश्तकार सत्य प्रकाश शर्मा अपनी फसल की स्थिति देखकर भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि फसल को बच्चे की तरह संभाला था, लेकिन एक ही बारिश ने सब बर्बाद कर दिया। उनकी पत्नी की आंखों में भी आंसू छलक पड़े। अफीम किसान संघर्ष समिति के प्रांत अध्यक्ष बद्रीलाल तेली ने बताया कि ओलावृष्टि से कई खेतों में फसल जमींदोज हो गई है। प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है और सरकार से राहत देने की मांग की जाएगी। अफीम काश्तकार रामकुमार जाट ने कहा कि तेज अंधड़ से दस आरी के प्लॉट का अधिकांश हिस्सा गिर गया। चीरा चालू होने के कारण अब नारकोटिक्स विभाग के नियमों के तहत रकबा जमा कराने की चिंता सताने लगी है। उन्होंने सरकार से राहत की मांग की।

काश्तकार सत्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि ओलावृष्टि से फसल पूरी तरह गिर गई है और अब उत्पादन की उम्मीद नहीं है। उन्होंने सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की।

# जांगिड़ समाज का तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, 22 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

जांगिड़ समाज द्वारा धानेश्वर विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। सम्मेलन में 22 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिनमें 21 जोड़ों के साथ तुलसा जी का विवाह भी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया।

सुबह से ही बड़ी संख्या में समाजबंधु बैंड-बाजों के साथ पहुंचे। विभिन्न स्थानों से आई बारातों का पारंपरिक स्वागत किया गया और सभी वैवाहिक रस्में हिंदू रीति-रिवाजों से पूर्ण कराई गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर आरोलिया (जिलाध्यक्ष, भीलवाड़ा) ने की। मुख्य अतिथि केदार जांगिड़ (व्याख्याता, सावर) रहे। विशिष्ट अतिथि रामगोपाल सिलक (भीलवाड़ा) व सुरेश देहमन (कादेड़ा) उपस्थित रहे। मंच संचालन संपत लाल देहमन (कादेड़ा) ने किया।

सम्मेलन अध्यक्ष कैलाश पालड़िया (फुलिया कलां) के नेतृत्व में आयोजन सफल रहा। संरक्षक संपतलाल देहमन, राधाकिशन खंडेलवाल, हगामी लाल आरोलिया, मिट्ठू लाल बरड़वा सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। नवयुवक मंडल संरक्षक धनराज पालड़िया व अध्यक्ष रतन पालड़िया के नेतृत्व में युवाओं ने भी सहयोग किया।

# मोहम्मद रफीक बने भीलवाड़ा कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान कांग्रेस कमेटी के खेल प्रकोष्ठ में मोहम्मद रफीक बिसायती को भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जयपुर में प्रदेश अध्यक्ष आमीन पठान के निवास पर की गई। पठान ने उनकी सक्रियता और खेल के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी।

नियुक्ति पर बिसायती समाज सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने खुशी जताई और रफीक बिसायती का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर आरिफ काजी रायला (संस्थापक एवं उपसरपंच), हाफिज मोहम्मद (करेड़ा), मोहम्मद उमर (भीलवाड़ा) और मोहम्मद सलीम (कोषाध्यक्ष, भीलवाड़ा) उपस्थित रहे।

# झूठे केस में फंसाने व लूटपाट के आरोपों के बाद कॉन्स्टेबल मनीष सेवा से निष्कासित

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**



**(गर्वित)।** आरके पुरम थाना क्षेत्र से जुड़े एक संवेदनशील मामले में पुलिस मुख्यालय ने कॉन्स्टेबल मनीष यादव को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई शिकायतों और विभागीय जांच के बाद की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि किसी भी तरह के अनुशासनहीन व्यवहार को प्रशासन बर्दाश्त नहीं कर रहा है। जानकारी के अनुसार आरके पुरम इलाके में दर्ज मामले की जांच के बाद पुलिस मुख्यालय ने पाया कि कॉन्स्टेबल मनीष यादव का आचरण गैर-जिम्मेदाराना और सेवा नियमों के खिलाफ रहा है। इसके अलावा उनके खिलाफ लूट-पाट, अपहरण तथा झूठे मामलों में फंसाने की धमकी से जुड़ी गंभीर आरोपों की भी शिकायत दर्ज है, जिसकी वजह से विभाग ने कड़ी कार्रवाई की। सिटी एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि विभागीय जांच में मनीष यादव के खिलाफ कई शिकायतें पेंडिंग पाई गईं। इनमें परिवादों को बिना किसी वाजिब कारण लंबित रखना, समय पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराना, ड्यूटी के दौरान लोकेशन ऑफ रखना तथा बिना सूचना के छुट्टी पर चले जाना शामिल था। इन सभी पहलुओं को सेवा अनुशासन का उल्लंघन मानते हुए पुलिस प्रशासन ने कॉन्स्टेबल को बर्खास्त करने का निर्णय लिया है। ?

## QUICK BITES

# राष्ट्रीय लोक अदालत एवं बाल विवाह रोकथाम को लेकर साक्षरता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**



**मानव तिवारी ।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार गुरुवार, को गोल मंगरी एवं गोवर्धनपुरा में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत जागरूकता प्रदान करते हुए ग्रामीणों को बाल विवाह जैसी कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर पीएलवी राम बाबू माथुर, अंजली नायक, गोपाल पाराशर एवं सुनीता नायक ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों के त्वरित एवं आपसी सहमति से निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

# बलाई समाज द्वारा तुलसी विवाह, सामूहिक विवाह सम्मेलन और छात्रावास उद्घाटन कल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



बलाई समाज नवयुवक मंडल सेवा समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में 21 फरवरी, शनिवार को धुलखेड़ा रोड स्थित बलाई समाज छात्रावास, जोधड़ास में तुलसी विवाह, प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं नव निर्मित छात्रावास भवन का उद्घाटन आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व 20 फरवरी को शाम 8 बजे रात्रि जागरण व भजन संध्या होगी।

संरक्षक सुशीला सालवी एवं सम्मेलन अध्यक्ष मिश्री लाल बलाई ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम में कई जोड़े वैदिक रीति-रिवाज से विवाह बंधन में बंधेंगे तथा प्रतिभोज का आयोजन भी रहेगा। समिति अध्यक्ष भंवरलाल बलाई ने कहा कि छात्रावास उद्घाटन से समाज के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इस दौरान उपाध्यक्ष छोटूलाल बलाई, सचिव रामेश्वर लाल बलाई, कोषाध्यक्ष नारायणलाल बलाई, महामंत्री लादूलाल साल्वी, प्रवक्ता प्रकाश मेघवंशी, सम्मेलन प्रभारी रामदेव बलाई, शहर अध्यक्ष चेतन सालवी, शहर उपाध्यक्ष राजेश मेघवंशी, महिला जिलाध्यक्ष एडवोकेट आशा मेघवंशी, हीरालाल मेघवंशी, रतन कटारिया, पूरण मेघवंशी, दौलत व जगदीश उपस्थित रहे।

# लघु उद्योग भारती महिला इकाई का नेटवर्किंग कार्यक्रम, उद्यमी महिलाओं को मिला नया मंच

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा उद्यमी महिलाओं के बीच संवाद और सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी संघर्ष यात्रा और उपलब्धियां साझा कीं, जिससे प्रेरणादायक माहौल बना। अध्यक्ष पल्लवी लढा ने कहा कि डिजिटल युग में मजबूत नेटवर्क व्यवसाय विस्तार की आधारशिला है। उपाध्यक्ष प्रियंका मेहता ने ऐसे मंचों को आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने वाला बताया। सह सचिव रेखा ईनाणी ने बताया कि कार्यक्रम में रक्षा जैन, प्रिया जैन, अर्चना अजमेरा, ऐश्वर्या अग्रवाल, आश्का सोनी, सरिता अग्रवाल, रिंकू मारोठिया, प्रिया कोठारी, मनीषा अग्रवाल, आरती अग्रवाल, अंजना तोषनीवाल, सोनिया असावा, शिल्पा टिक्कीवाल, स्वाति टिक्कीवाल, नीता बंसल सहित अन्य महिला उद्यमी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहीं।

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



भारतीय जनता पार्टी, जिला भीलवाड़ा ने आगामी सांगठनिक कार्यों को गति देने के लिए जिले की सातों विधानसभाओं के संयोजकों एवं सह-संयोजकों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू का है, जिन्हें आसीन्द विधानसभा क्षेत्र का सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा और जिला प्रभारी संजय जैन (ताऊ) द्वारा जारी की गई इस सूची में अनुभवी कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताया गया है। देवीलाल साहू की नियुक्ति को आसीन्द क्षेत्र में पार्टी की पकड़ और अधिक मजबूत करने के कदम के रूप में देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। देवीलाल साहू के समर्थकों का मानना है कि उनके प्रशासनिक अनुभव और क्षेत्र में लोकप्रियता का लाभ भाजपा को आगामी चुनावों और संगठनात्मक कार्यक्रमों में निश्चित रूप से मिलेगा

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।